कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
फोन : 0612-2521928 ईमेल : rd-bihar@esic.nic.in

सत्यमेव जयते

पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार
जे. एल. नेहरू मार्ग, पटना – 800001
PANCHDEEP BHAWAN, REGIONAL OFFICE, BIHAR
J. L. NEHRU MARG, PATNA – 800001
वेबसाइट : www.esic.nic.in / www.esic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

## पंचदीप भवन, ई.एस.आई.सी. में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं विशेष सेवा पखवाड़ा का समापन आयोजन

पटना, 10/03/2023

आज दिनांक 10/03/2023 को पंचदीप भवन, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में क्षेत्रीय निदेशक, श्री सत्यजीत कुमार की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं विशेष सेवा पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजन किया गया। मंच पर मौजूद महिला अधिकारियों सहित अध्यक्ष द्वारा "पंचदीप प्रज्ज्वलन" के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

क्षेत्रीय निदेशक ने इस दौरान मंच से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, उपस्थित बीमित महिलाओं एवं एच.आर. को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की विशेष शुभकामनाएं देते हुए अपने वक्तव्य में महिलाओं के प्रति कई सम्मानजनक संदेश दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में विशेष जोर देते हुए कहा कि "सर्वप्रथम महिला हैं, तभी हम पुरुषों का आविर्भाव एवं अस्तित्व है।"

इस अवसर पर जियो रिलाइंस कंपनी में कार्यरत स्व0 मयंक कुमार सिंह की रोजगारजनित मृत्यु पर उनकी आश्रिता पत्नी को आश्रित हितलाभ भी प्रदान किया गया। साथ ही, विभिन्न वक्ताओं द्वारा महिलाओं की स्थिति एवं विकास पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला गया।

इस मौके पर श्री संजय कुमार, उप निदेशक, डॉ0 विजय कुमार केसरी, राज्य चिकित्सा अधिकारी, श्री राकेश कुमार, सहायक निदेशक, डॉ0 तनूजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी, श्रीमती सुनीता कुमारी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी आदि ने भी अपने वक्तव्य में महिला के विकास संबंधी कई महत्वपूर्ण सलाह दिए। इनके अतिरिक्त सुश्री आकांक्षा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं श्रीमती रंजना कुमारी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी

भी मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जियो रिलायंस के एच. आर. सुश्री मितू जी एवं आदित्य विजन से उपस्थित बीमित महिलाएं भी अपने विचार व्यक्त किए।

विदित हो कि एसिक डे के आलोक में दिनांक 24/02/2023 से 10/03/2023 तक "विशेष सेवा पखवाड़ा" का समापन भी किया गया।

क्षेत्रीय निदेशक